**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 05.01.2024 को विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में आयोजित पूर्वान्चल विकास बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति संलग्न है।**

2- सर्वप्रथम आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर द्वारा पूर्वान्चल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् जिलाधिकारी, मीरजापुर, विशेष सचिव, नियोजन तथा मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर द्वारा बोर्ड के उपस्थित मा0 सदस्यगण का स्वागत किया गया।

3- आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर द्वारा बैठक में उपस्थित श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, मा0 सद्स्यगण, विशेष सचिव, नियोजन तथा मण्डलीय अधिकारियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में 03 जनपद यथा- मीरजापुर, भदोही तथा सोनभद्र आते हैं। मण्डल में सभी सेक्टरों में विविध विकास कार्य किये जा रहे हैं जिनमें महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति निम्नवत हैः-

- विन्ध्यवासिनी मन्दिर को जाने वाले मार्गों को जोड़ने वाले पहुंच मार्गों का सुदृढ़ीकरण तथा विन्ध्यवासिनी मन्दिर पर परकोटा एवं परिक्रमा पथ का निर्माण।
- राजकीय मेडिकल कालेज, मीरजापुर में प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन, लेक्चर थियेटर तथा हास्टल आदि का निर्माण।
- ड्रग वेयर हाउस, मीरजापुर के मुख्य भवन एवं वाह्य विकास के अन्य निर्माण कार्य।
- जनपद मीरजापुर में 02 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों-सन्तनगर तथा रजौली चुनार का निर्माण।
- नवीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मड़िहान, मीरजापुर के भवन तथा वर्कशाप आदि का निर्माण।
- राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, मीरजापुर के प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन तथा हास्टल आदि निर्माणाधीन।
- जनपद मीरजापुर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आडिटोरियम हाल एवं प्रशिक्षण कक्ष में 05 कमरों का निर्माण।
- 39वीं वाहिनी पी0ए0सी0 मीरजापुर में 200 व्यक्तियों की क्षमता का बैरक तथा ओवरहेड एवं अण्डरग्राउण्ड वाटर टैंक का निर्माण।
- विधानसभा मड़िहान के तहसील मड़िहान में अग्निशमन केन्द्र का निर्माण।
- जनपद मीरजापुर में इलाहाबाद-बामपुर मार्ग पर सम्पार सं0 17-सी पर उत्तर मध्य रेलवे के मुगलसराय-इलाहाबाद सेक्शन के डी0एफ0सी0सी0 मार्ग पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।
- उत्तर मध्य रेलवे के मुगलसराय-इलाहाबाद सेक्शन के कि0मी0-774/13-15 में सम्पार संख्या 10ए, शिवपुर पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।

- 03 मार्गों यथा-सिंधौरा घाट से जयहिन्द पहाड़ी, चुनार जमुई अहरौरा तथा पड़री छीतमपुर शक्तेशगढ़ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।
- मीरजापुर नगर पालिका परिषद पुनर्गठन पेयजल योजना फेज-1 एवं फेज-2 में विविध कार्य।
- आसरा योजना कछवाँ में 48 नग आवासों का निर्माण कराकर लाभार्थियों को वितरित कराना।
- विन्ध्याचल सीवरेज योजना पूर्ण।
- मेजा बांध एवं घोरी नहर के पुनरोद्धार कार्य।
- जनपद मीरजापुर के ग्राम- मेडिया में मिनी स्टेडियम का निर्माण।
- खेलो इण्डिया के अन्तर्गत जनपद मीरजापुर में मल्टीपरपज हाल का निर्माण।
- जनपद मीरजापुर में मल्टीपरपज सीड स्टोर सझौली का निर्माण।
- जनपद भदोही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मानिकपुर का निर्माण।
- जनपद भदोही में 220 के0वी0 उप केन्द्र, भदोही का निर्माण।
- जनपद भदोही में ज्ञानपुर एवं हरिचन्दनपुर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में एकेडमिक ब्लाक एवं हास्टल का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र में कनहर परियोजना के अन्तर्गत कनहर नदी पर स्पिलवे एवं बांध आदि का निर्माण।
- राजकीय मेडिकल कालेज, सोनभद्र में शैक्षणिक भवन, हास्टल तथा हास्पिटल भवन आदि का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, चुर्क में प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन, वर्कशॉप तथा हास्टल आदि का निर्माण।
- विधानसभा घोरावल के तहसील घोरावल में अग्निशमन केन्द्र का निर्माण।
- राजकीय महाविद्यालय, बभनी, सोनभद्र में मुख्य भवन एवं बाउण्ड्रीवाल आदि का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र में ओबरा चकारी मार्ग पर रेनू नदी पर सेतु का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र के विकासखण्ड घोरावल में नवीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, उम्भा का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र में एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय, पिपरखाड़ का निर्माण।
- जनपद सोनभद्र में म्योरपुर एयरपोर्ट निर्माणाधीन।

4- विशेष सचिव, नियोजन द्वारा पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों तथा बैठक में उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए बोर्ड के गठन, उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूर्वांचल क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने के लिए परामर्शी संस्था के रुप में पूर्वांचल विकास बोर्ड का गठन हुआ है। इस बोर्ड का प्रमुख कार्य प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के विकास हेतु सुझाव देना है। इस बोर्ड की प्रथम बैठक जुलाई, 2019 में मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लोक भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार इस बोर्ड की बैठकें पूर्वांचल के विभिन्न मण्डलों में आयोजित हो

चुकी हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल विकास बोर्ड के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन भी हो चुका है। विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में बोर्ड की यह तेरहवीं बैठक है। पूर्वांचल विकास बोर्ड की पूर्व में सम्पन्न बैठकों के कार्यवृत्तों को सम्बन्धित विभागों को सम्यक परीक्षण करके परीक्षण आख्या/कृत कार्यवाही से बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अवगत कराने हेतु प्रेषित किया जा चुका है जिसके क्रम में विभागों से प्राप्त परीक्षण आख्या से मा0 पदाधिकारीगण को समय-समय पर अवगत भी कराया गया है।

5- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों, आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर, विशेष सचिव, नियोजन, जिलाधिकारी मीरजापुर तथा सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6- श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड द्वारा निम्न कार्यों को कराये जाने पर बल दिया गया:-

- जनपद सोनभद्र के ग्राम महुआंव पांडेय में पंचायत भवन से श्री जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के घर होते हुए सिद्धेश्वर महादेव मंदिर एवं झिंगाई दूबे के घर तक लगभग 700 मीटर लम्बाई में एक आंतरिक पक्की सड़क का निर्माण कराना।
- अमेठी जनपद के विकासखण्ड मुसाफिर खाना के अन्तर्गत ग्राम सभा दादरा स्थित माँ हिंगलाज मंदिर का सुंदरीकरण/जीर्णोद्धार कराना।
- अमेठी जनपद के विकासखण्ड भादर में ग्राम सभा गाजीपुर में स्थित दूल्हाराय खेल के मैदान में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण किये जाने पर विचार करना।
- जनपद मीरजापुर की नगर पंचायत कछवा के नाले के पानी से बजहा ग्राम सभा की हजारों बीघा जमीन पानी भरने से बेकार पड़ी हुयी है जिससे खेतों की बुवाई नहीं हो पाती है। अतः नाले की नियमित सफाई होना अत्यन्त आवश्यक है।
- जनपद मीरजापुर में बरैनी-भटोली-जौसरा मार्ग बहुत खराब होने से आमजन को अत्यधिक समस्या हो रही है। मीरजापुर जनपद के मझवा और चुनार विधानसभा के लोगों को जिला मुख्यालय आने के लिए यही एक मात्र सड़क है। अतः इस सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है।
- जनपद मीरजापुर के नगर पंचायत कछवा में प्राथमिक विद्यालय-2 से सटे हुए शौचालय में गंदगी से बच्चों को परेशानी होती है। अतः बगल में खाली सरकारी जमीन में शौचालय बनाये जाने पर विचार किया जाना आवश्यक है।

- जनपद मीरजापुर की नगर पंचायत कछवा में बने सामुदायिक शौचालय की नियमित सफाई कराना।
- भदोही और जनपद मीरजापुर को जोड़ने वाले मार्ग में स्थित गंगा नदी पर बने शास्त्री ब्रिज का पुनर्निर्माण किया जाना।
- मीरजापुर जनपद के छानबे विकासखण्ड में उमापुर माइनर की नियमित सफाई आवश्यक है।
- मीरजापुर जनपद के छानबे विकासखण्ड में आलू उत्पादन बहुतायत में पैदा होता है। अतः किसानों के आलू के भण्डारण के लिए कोल्ड स्टोरेज बनवाया जाना अत्यन्त आवश्यक है।
- मीरजापुर जनपद की सबसे पुरानी नगर पंचायत कछवां में न ही गंगा जी के तट पर कोई पक्का घाट है और न ही कोई शवदाह गृह है। अतः कछवां में गंगा घाट और शवदाह गृह का निर्माण जनहित में अत्यन्त आवश्यक है।
- मीरजापुर जनपद के पीतल उद्योग को फिर से पुनर्विकसित करने की आवश्यकता है।
- मीरजापुर जनपद में मीरजापुर जिरगो लिंक चैनल से पानी जिरगो जलाशय में पहुंचाया जा चुका है। जिरगो हुसैनपुर लिंक चैनल का डी0पी0आर0 भी तैयार है। अतः हुसैनपुर जिरगो लिंक नहर का निर्माण किये जाने की आवश्यकता है।
- मीरजापुर में मेजा जिरगो लिंक नहर का निर्माण कराया गया है। नहर के किमी0 54.530 पर अलोपी दरी (प्राकृतिक झरना) है जहां पर हजारों की संख्या में लोग देखने आते हैं, किन्तु इस मार्ग के पक्का नहीं होने से बारिश में कीचड़ से लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है। अतः सुखनाई स्टोर से मेजा जिरगो लिंक चैनल तक एवं मेजा जिरगो लिंक चैनल के सर्विस रोड को सुलभ आवागमन हेतु पक्का बनाये जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही मेजा जिरगो लिंक चैनल के किमी0 54.50 पर फुट ब्रिज की भी आवश्यकता है।
- मीरजापुर जनपद की सुखड़ा ब्रांच कैनाल से डइया माइनर का निर्माण कार्य किये जाने की आवश्यकता है।
- मीरजापुर जनपद में सिंचाई की सुविधा में बढ़ोत्तरी हेतु सुखड़ा ब्रांच कैनाल से मरफा धनावल का निर्माण किया जाना आवश्यक है।
- बाण सागर परियोजना के द्वारा बाण सागर बांध से पानी लाकर मीरजापुर और प्रयागराज जिले के डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाता है। बाण सागर परियोजना वर्ष 2020 में पूर्ण हो गयी है तथा मीरजापुर नहर प्रखंड के पास उससे सम्बन्धित नहर का संचालन और बाढ़ सुरक्षा का अतिरिक्त चार्ज है। अत: बाण सागर संगठन के डिवीजन में से किसी एक डिवीजन को बाढ़ खण्ड डिवीजन बनाये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।

- जनपद मीरजापुर के विकासखण्ड कछवा की कनकसराय ग्राम सभा में जिला पंचायत से बनी रोड एकदम खराब स्थिति में है। अत: सिल्लू गोंड से रामनारायण मौर्या के घर तक 100 मीटर रोड को बनाया जाना आवश्यक है।
- खैरा-जिगना मिश्रपुर सम्पर्क मार्ग, छानबे, जनपद मीरजापुर का निर्माण कार्य आवश्यक है।
- गंगा तटबंध, ग्राम सभा गौरा, छानबे, मीरजापुर का निर्माण कार्य आवश्यक है।
- जय राम चौराहा गौरा वाया साधन सहकारी समिति- राम लीला भवन गौरा, छानबे, मीरजापुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण जनहित में आवश्यक है।
- पंडितपुर (नर्रोईयाँ) से बिहसड़ा नीबी सम्पर्क मार्ग छानबे मीरजापुर का निर्माण कार्य आवश्यक है।
- देवीपाटन मण्डल में कोई औद्योगिक क्षेत्र नहीं है। अत: देवीपाटन मण्डल के गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना आवश्यक है।
- सोनभद्र जनपद में ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण प्राचीन विश्व विख्यात पर्यटन स्थल यथा-सलखन स्थित फासिल्स पार्क, श्री अजरेश्वर धाम, माँ ज्वालामुखी मन्दिर, अगोरी किला आदि हैं जिनका अपेक्षित विकास हो जाने से पर्यटन के क्षेत्र में जनपद का विशेष स्थान बन सकता है। जनपद में स्थित गुफा चित्रों के साथ-साथ विजयगढ़ दुर्ग, शिवद्वार स्थित भगवान शिव पार्वती की स्थली को कार्ययोजना बनाकर पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद बहराइच का बघेल तालाब जिसका क्षेत्रफल 441 हेक्टेयर, लम्बाई 07 कि0मी0 और परिधि 40 किमी0 है, जो सात ग्राम पंचायतों की ग्राम समाज की भूमि के रुप में अभिलेखों में दर्ज है। बहराइच का बघेल तालाब प्रदेश के बड़े जलाशयों में से एक है। इसे अभिलेखों में वेट लैंड दर्ज करवाकर इसका सुन्दरीकरण किया जाना आवश्यक है।
- जनपद गोण्डा में नाना जी देशमुख की कर्मस्थली जयप्रभा को विकासखण्ड बनाया जाना।
- जनपदों में एफ0पी0ओ0 के लिए एकीकृत कार्यालय की स्थापना।
- जनपद अमेठी के मुसाफिर खाना के कादूनाला वन क्षेत्र से लगी ग्राम नारा अढनपुर में सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन पड़ी हुयी है। इस जमीन पर गौ अनुसंधान संस्थान (Cow Research Institute) की स्थापना कर गायों की नस्ल और उनके दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में व्यापक सुधार किये जाने की आवश्यकता है।
- पूर्वान्चल के कई जनपदों यथा-बलिया, बलरामपुर, देवरिया तथा बस्ती में कृषि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की स्थापना किये जाने पर विचार करना।

- मण्डल स्तर पर पूर्वान्चल उत्सव का आयोजन कर उसमें किसान मेला, हथकरघा तथा ओ0डी0ओ0पी0 आदि की प्रदर्शिनी लगाया जाना आवश्यक है।
- पूर्वान्चल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल विश्वविद्यालय की स्थापना किया जाना आवश्यक है।
- पूर्वान्चल के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिले इसके लिए पूर्वान्चल में एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की कृषि मण्डी खोला जाना अति आवश्यक है, जिससे कृषि उपज का विदेशों में आसानी से निर्यात किया जा सके।
- विन्ध्याचल से ए0सी0 और जनरथ बसों का संचालन लखनऊ के लिए अति आवश्यक है।
- मीरजापुर से लखनऊ के लिए ट्रेन की पर्याप्त सुविधा नहीं है। अत: ट्रेनों का संचालन मीरजापुर-विन्ध्याचल वाया प्रयागराज- लखनऊ अति आवश्यक है।
- 12987 सियालदह- अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव मीरजापुर एवं विन्ध्याचल स्टेशनों पर होना आवश्यक है।
- विन्ध्याचल में विन्ध्याचल के पौराणिक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को दर्शाते हुए एक पार्क, संग्रहालय और एक उच्च सुविधाओं से य़ुक्त पुस्तकालय का निर्माण आवश्यक है।
- विन्ध्याचल में हवाई पट्टी का निर्माण आवश्यक है।
- मीरजापुर के पुराने जलाशय जैसे मोतिया तालाब और अष्टभुजा सर्किट हाउस के पास जिला पंचायत भवन के पहले बने जलाशय का सुंदरीकरण करवाकर डैम के रुप में विकसित किया जाना आवश्यक है।
- मीरजापुर में शुक्लहा स्थित दोनों तालाबों का सुंदरीकरण आवश्यक है।
- मीरजापुर में विन्ध्याचल मंदिर और अष्टभुजा मंदिर के बीच स्थित टोल प्लाजा को 500 मीटर हटाकर आगे प्रयागराज की ओर कर दिया जाय जिससे त्रिकोण करने वाले दर्शनार्थियों को समस्या न हो।
- विन्ध्याचल में गंगा जी के घाट पर न ही शौचालय है न ही महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए कोई कवर एरिया है। अत: घाट पर अस्थायी फाइवर युक्त चेंजिंग रुम बनवाना आवश्यक है।
- श्रद्धालुओं के लिये विन्ध्याचल में सस्ते दर पर या निःशुल्क भोजन प्रसाद की व्यवस्था वैष्णव देवी और अयोध्या की तरह किया जाना।
- आयुष्मान कार्ड 4 यूनिट की अर्हता पर बनाया जाना।
- जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र गाँवों में प्राथमिकता से बनाया जाना।

- अमेठी जनपद में चिकित्सकों के 165 पदों के सापेक्ष मात्र 65 चिकित्सक ही कार्यरत है। अतः चिकित्सकों की कमी को पूरा किया जाना आवश्यक है।
- विन्ध्याचल मंदिर के आस-पास के क्षेत्र की नियमित साफ सफाई आवश्यक है।
- विन्ध्याचल रेलवे स्टेशन का नाम विन्ध्याचल धाम करने की अति आवश्यकता है।
- विन्ध्याचल में कूड़ा निस्तारण संयत्र लगना आवश्यक है।
- मीरजापुर जनपद का नाम इसके पौराणिक महत्व को देखते हुए विन्ध्याचल धाम नगर करना जनहित में आवश्यक है।

7- श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- नगर पालिका परिषद, महराजगंज वार्ड सं0-2 बैकुण्ठपुर के मलिन बस्ती में श्रीमती जगरानी के घर से हर्षवर्धन पटेल के घर तक नाला व आर0सी0सी0 (लगभग 700 मी0) निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज वार्ड सं0-10 महुअवा में श्री त्रिवेणी जी के घर से महराजगंज फरेन्दा मेन रोड तक नारसल कनौंजिया के घर तक नाला व आर0सी0सी0 निर्माण कार्य (लगभग 700 मी0)।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज वार्ड सं0-10 महुअवा में श्री किसान यादव के घर से रूधौलीभाव चक की सीमा तक नाला व आर0सी0सी0 निर्माण कार्य (लगभग 500 मी0)।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज वार्ड सं0-10 महुअवा में श्री खदेरू के घर से श्री बृजभान के घर तक आर0सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य (लगभग 500 मी0)।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर धनेवा धनेई, वार्ड संख्या-12, नगर पालिका परिषद महराजगंज में श्री मनोज तिवारी जी मास्टर साहब के घर से होते हुए श्री रामचन्द्र पासवान जी के घर तक नाली व आर0सी0सी0 निर्माण कार्य (लगभग 200 मीटर)।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज वार्ड संख्या-13, सक्सेना नगर सुकठिया के पास श्री शहवाज के घर से श्रीमती रीना देवी पत्नी बृजेश विश्वकर्मा के घर तक नाली व आर0सी0सी0 निर्माण कार्य (लगभग 150 मी0)।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज वार्ड संख्या-21, बिस्मिल नगर में दुर्गेश पटेल के घर से श्री अशोक पटेल के घर तक नाली व आर0सी0सी0 (लगभग 150 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर में रामपुर चौबे रोड से एस.एन.टी. स्कूल के बगल से श्री विनोद तिवारी जी की जमीन तक नाली व आर0सी0सी0 (लगभग 400 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर में श्री देवेन्द्र कृष्ण त्रिपाठी के जमीन से श्री दिगम्बर यादव के खेत तक आर0सी0सी0 (लगभग 350 मीटर) निर्माण कार्य।

- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-14, महात्मा गांधी नगर में बसंतपुर टोले पर श्री प्रमोद के मुर्गी फार्म से श्री संजय पाल जी के मुर्गी फार्म तक आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर के एन.एच. 730 त्रिपाठी चौक से कप्तानगंज मुख्य मार्ग होते हुए श्री अशोक मद्धेशिया जी के घर तक नाली व आर0सी0सी0 निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर के परतावल कप्तानगंज मुख्य मार्ग से एन.एच. 730 दरगाह के आगे लियाकत अली के खेत तक नाली व आर0सी0सी0 (लगभग 400 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर में श्री उत्कर्ष त्रिपाठी के छावनी के पास से श्री त्रिपाठी जी के बगीचे तक आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर चौमुखा सम्पर्क मार्ग से कुर्मी टोला श्री सुरेश की जमीन तक नाली व आर0सी0सी0 (लगभग 500 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पंचायत, परतावल के वार्ड संख्या-6, आजाद नगर में कुर्मी टोला टॉवर रोड पर श्री रमेश चौधरी की जमीन से श्री विकास के बगीचे तक नाली व आर0सी0सी0 रोड (लगभग 200 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-2, बैकुण्ठपुर में साई फ्लैक्स से पासी टोला होते हुए मोतीपुर तक (लगभग 2.50 किमी0) नाला व आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-6, आजाद नगर में आर.सी.सी. रोड से एस.एस.बी. कैम्प चौराहे तक (लगभग 2 किमी0) नाला व आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-16, गांधी नगर में आसरा आवास से श्री राम नरेश साहनी के घर तक (लगभग 300 मीटर) नाला व आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-11, सुकठिया में श्री भरत लाल के घर से होते हुए पुल तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-11, सुकठिया के दुर्गा मंदिर से शिव मंदिर होते हुए बाबू लाल के घर तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-11, सुकठिया के श्री भरत लाल जी के घर होते हुए सुकठिया शाही जी के टोला तक नाला व आर0सी0सी0 रोड (लगभग 800 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-11, सुकठिया के प्राथमिक विद्यालय गेट से पी.डब्लू.डी. रोड के पुल तक आर0सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य।

- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-11, सुकठिया के श्री छेदी के घर से श्री राम आसरे के घर से होते हुए श्री त्रिभुवन वर्मा के खेत तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड (लगभग 500 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-11, सुकठिया के श्री अवधेश शर्मा के घर से सुकठिया गेट तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-2, बैकुण्ठपुर में गौरी शंकर पटेल के मकान से जीनियस एकेडमी विद्यालय तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड (लगभग 200 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-2, बैकुण्ठपुर के रामदरस पासवान के घर से श्री सूर्यनाथ पासवान के घर तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड (लगभग 200 मीटर) निर्माण कार्य।
- नगर पालिका परिषद, महराजगंज, वार्ड संख्या-2, बैकुण्ठपुर के गडवील फर्नीचर से परदेसी गौतम के घर तक नाली एवं आर0सी0सी0 रोड (लगभग 400 मीटर) निर्माण कार्य।
- जनपद बहराइच के विकासखण्ड पयागपुर, ग्राम सभा- हसुआपारा के बड़का गांव में काली रोड से पासी पुरवा तक रोड का निर्माण कार्य (लगभग 500 मीटर)।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड हरिहरपुर रानी की ग्राम सभा जानकी नगर में प्राइमरी पाठशाला से श्मशान घाट तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य (लगभग 500 मीटर)।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड हरिहरपुर रानी की ग्राम सभा जानकी नगर में श्री मालिकराम प्रजापति के घर से नेताराम शिव मंदिर तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य।
- जनपद श्रावस्ती के विकासखण्ड हरिहरपुर रानी के ग्राम सभा जानकी नगर में शमशान घाट का सौंदर्यीकरण कार्य।
- सभी जनपदों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति के छात्रावासों का कायाकल्प कराया जाना।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में गरीब परिवारों को आवास आवंटन किया जाता है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को मकान बनाने की सामग्री एक ही मूल्य पर मिलती है परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों हेतु कम धनराशि दी जाती है। अत: धनराशि के इस अंतर को कम करने पर विचार किया जाना चाहिये।
- जनपद गाजीपुर के जखनिया तहसील में छोटे-बड़े बाजार में शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए।
- जनपद महराजगंज में जिला परिषद मार्केट में शौचालय का निर्माण कराया जाना।

- पशुपालन विश्वविद्यालय की एक शाखा मधवलिया गौसदन, महराजगंज में स्थापित किया जाना।
- जनपद महराजगंज, विकासखण्ड मिठौरा, न्याय पंचायत मोहनापुर में साधन सहकारी समिति लिमिटेड, मोहनापुर के पास जमीन है। उस जमीन में पेट्रोल पम्प लगाने पर विचार किया जा सकता है।
- जनपद मीरजापुर के विकासखण्ड पटेहरा की ग्रामसभा तुलसीपुर मलिन बस्ती, अतरी मड़िहान में बिजली, नाली, आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कराया जाना।
- पूर्वान्चल क्षेत्र के जनपदों में स्थित काशीराम आवासों की साफ-सफाई एवं रंगाई का कार्य कराया जाना।
- जनपद सोनभद्र में 708 विद्यालय में शिक्षकों की कमी को मानकानुसार पूर्ण किया जाना।
- जनपद महराजगंज में पिछले पांच वर्षों से पूर्वान्चल विकास निधि के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का विवरण उपलब्ध कराना।

8- श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र के मेजा, करछना, कोरांव तथा बारा तहसील को मिलाकर पृथक जिले का सृजन किया जाना।
- जनपद प्रयागराज के मेजा एवं कोरांव विकासखण्ड के ग्रामों को निकालकर खीरी में नये विकासखण्ड का सृजन।
- कोहड़ार-खीरी मार्ग की मरम्मत।
- इटवा-घोरी-सुजनी-पालपट्टी-डाड़ो सड़क की मरम्मत।
- चमारीपुर, विकासखण्ड मेजा के अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण, बाउड्रीवाल एवं पेयजल आदि की व्यवस्था।
- जनपद प्रयागराज के विकासखण्ड कोरांव में गोबरा-खौरिया मार्ग की मरम्मत।
- जनपद प्रयागराज के विकासखण्ड मेजा में चमारीपुर-करह मार्ग में लपरी नदी पर पम्प कैनाल का निर्माण किया जाना।
- जनपद प्रयागराज में लेडियारी सहकारी संघ के भवन का निर्माण।
- जनपद प्रयागराज में भटौती-मेजा तहसील मार्ग की मरम्मत।
- जनपद प्रयागराज में रतेवरा-बड़ोखर मार्ग की मरम्मत।

9- श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद गाजीपुर में स्थित महाहर धाम का सुन्दरीकरण कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाना।

- जनपद गाजीपुर के विकासखण्ड सादात में बहरियाबाद कस्बे से परमानपुर, आजमगढ़ जाने वाली सड़क जो 07 कि0मी0 लम्बाई में जर्जर एवं गड्ढायुक्त है, की मरम्मत कराया जाना।
- जनपद गाजीपुर के विकासखण्ड मरदह में मटेहूँ से सलामतपुर जाने वाली जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़क की मरम्मत कराया जाना (लम्बाई 10 कि0मी0)।
- जनपद गाजीपुर की मोहम्मदाबाद तहसील में पताल गंगा मार्केट के आसपास बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती होने के दृष्टिगत उनके रखरखाव हेतु 01 बड़ा शीतगृह बनाये जाने की व्यवस्था किया जाना।

10- श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद अमेठी के ग्राम गड़रिया डीह, विकासखण्ड जगदीशपुर में स्थित ऐतिहासिक श्री राम-जानकी मन्दिर के जीर्णोद्धार हेतु समुचित धनराशि आवण्टित करने पर विचार करना।
- बोर्ड के मा0 पदाधिकारियों के भ्रमण के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान किया जाना।
- जनपद बस्ती में नलकूप विभाग, मुंडेरवा के डाक बंगले की मरम्मत तथा नलकूप विभाग, बस्ती के कार्यालय परिसर के कार्यालयों की मरम्मत कराया जाना।
- परशुरामपुर बाजार, विकासखण्ड परशुरामपुर, जनपद बस्ती में डाक बंगला बनवाये जाने पर विचार करना।
- टाउन एरिया हरैया, जनपद बस्ती में पुन: बस स्टेशन बनाये जाने पर विचार करना।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरैया, जनपद बस्ती में वर्षों से खराब डेन्टल चेयर को बदलने की व्यवस्था करना।
- जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग, जनपद वाराणसी पर ओवर ब्रिज का निर्माण।
- ग्राम कदवा तथा महसपुर, विकासखण्ड नरायनपुर, जिला मीरजापुर में नलकूप लगाया जाना।
- विकासखण्ड नरायनपुर तथा चुनार, जनपद मीरजापुर में मिर्च तथा टमाटर की खेती के दृष्टिगत कोल्ड स्टोरेज, विपणन तथा प्रोसेसिंग यूनिट (चटनी) बनाने वाली फैक्ट्री लगाये जाने पर विचार करना।
- ग्राम गोपलपुर के तेंदुआ घाट पर बकहर नदी पर पुल बनवाये जाने पर विचार करना।

11- श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद सोनभद्र धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक वनों, पहाड़ों, प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण एक पूर्ण ब्रह्माण्ड का स्वरूप है। जनपद में कैमूर पर्वत श्रृंखला का सर्वोच्च शिखर ओम पर्वत स्थित है। इसके साथ ही यह जनपद मारकण्डेय ऋषि, सन्त कीनाराम, चन्द्रमा ऋषि तथा कागभुषुण्डी की तपोस्थली रहा है। जनपद में सोन नदी, विजुल व रेणुका नदियों का पौराणिक त्रिवेणी संगम भी स्थित है। अत: वन विभाग से सामंजस्य स्थापित कर जनपद सोनभद्र को पर्यटन के आधुनिक परिवेश- ईको-टूरिज्म के साथ-साथ सभी धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक तथा आध्यात्मिक स्थलों का विकास किये जाने की आवश्यकता है।

- जनपद सोनभद्र में अंजिरेश्वर धाम पर पानी की घोर समस्या है। मन्दिर के पास अजीर नदी एक बरसाती नदी है जिसमें हमेशा पानी नहीं रहता है। अतः मन्दिर के रहवासियों तथा श्रृद्धालुओं के लिये पानी का संग्रह किये जाने हेतु मन्दिर के पास नदी में पक्का रपटा बनाये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद सोनभद्र में 400 से अधिक प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों की छत से हाईटेंशन बिजली के तारों को हटाया जाना।
- जनपद सोनभद्र में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण-साडा द्वारा किये जा रहे कार्यों हेतु विधिवत कार्ययोजना बनाया जाना।

12- श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्न सुझाव दिये गये:-

- जनपद भदोही के ग्राम घनश्यामपुर, पो0-राधास्वामी धाम में प्रयागदासपुर तिराहे से धनापट्टी तिराहे तक (लगभग 2.5 कि0मी0) की सड़क पूरी तरह से उखड़ गयी है जिसकी मरम्मत एवं सुधार किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद भदोही के ग्राम सिकी चौरा, पो0-बिछिया में सिकी चौरा दशमी की वारी से लेकर पश्चिम साइड कुरमैचा रवि प्रधान तक (लगभग 2.5 कि0मी0) सड़क बहुत ज्यादा खराब है जिसकी मरम्मत किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद भदोही के ग्राम किसुन देवपुर, पो0-राधास्वामी धाम, विकासखण्ड डिहा में जी0टी0 रोड, एच0पी0 पेट्रोल पम्प के बगल से किसुन देवपुर से रेलवे तक (लगभग 02 कि0मी0) लम्बाई में स्थित सड़क की मरम्मत एवं सुधार किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद मीरजापुर में शिवपुर से फतहाँ घाट तक गंगा किनारे पाथवे का निर्माण कराया जाना।
- मत्स्य पालन हेतु ग्राम पंचायत स्थित तालाबों को तहसील स्तर पर वरीयता के क्रम में मछुआ समुदाय को पट्टे पर दिया जाना।
- राजस्व जमा कराये जाने की स्थिति में पूर्व नियमों की भांति मछुआ समुदाय द्वारा एक चौथाई राजस्व जमा कराया जाना।
- ग्राम पंचायतों में स्थित 02 हेक्टेयर से ऊपर के तालाबों को भी छोटे तालाबों के अनुपात में समितियों से भी 50 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से 10 वर्षीय राजस्व पूर्व नियमों की भांति एक चौथाई राशि जमा कर शेष राशि को किस्तों में जमा कराये जाने पर विचार किये जाने की आवश्यकता है।
- मत्स्य पालन से सम्बन्धित सभी योजनाओं में वरीयता के क्रम में न्यूनतम 60 प्रतिशत अनुदान मछुआ समुदाय के लिये होना चाहिये।
- भारतीय भेड़ों की नस्ल सुधार हेतु ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड की भेड़ों से निषेचन वैज्ञानिक विधि से किये जाने की व्यवस्था की आवश्यकता है जिससे गांव के गरीब भेड़ चरवाहों की भेड़ों के बाल अच्छी गुणवत्ता के हो जायेंगे तथा इससे न केवल कृषकों की आय बढ़ेगी अपितु इनके ऊन की मांग विश्व में अत्यधिक बढ़ सकती है।

- जनपद मीरजापुर में माँ विन्ध्यवासिनी त्रिकोण स्थित गंगा आश्रम मन्दिर एवं भगवान राम पिण्ड स्थल पर विद्युतीकरण कराये जाने एवं सम्पर्क मार्ग जोड़ने की आवश्यकता।
- ग्राम सभा चतुरिया, जनपद मीरजापुर में टिकरी चतुरिया सम्पर्क मार्ग से श्री सर्वेश्वरी वन देवी आश्रम तक पक्का मार्ग एवं विद्युतीकरण कराया जाना।
- जनपद मीरजापुर के कई वार्ड संख्या यथा-37,24,32,05,23,35,31,36,16 एवं 29 में विद्युत की उपलब्धता का परीक्षण कराकर व्यवस्था सुनिश्चित कराना।

13- श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा पूर्वान्चल के विकास हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों/ योजनाओं की प्रशंसा करते हुये प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों/ मुख्य विकास अधिकारियों को बोर्ड के बारे में अवगत कराये जाने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही मा0 सदस्य द्वारा अयोध्या में बनाये जा रहे भगवान राम के मन्दिर की तरह पूर्वान्चल के अन्य मन्दिरों का जीर्णोद्धार किये जाने पर बल दिया गया।

14- डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा जनपद मीरजापुर में स्थित पुरानी जेल की स्थिति उचित अवस्था में नहीं होने की दशा में नई जेल बनाये जाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज-मीरजापुर में जगह-जगह पर उखड़ी और टूटी रेलिंग की मरम्मत कराये जाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त मा0 सदस्य द्वारा आगामी कुम्भ के आयोजन की दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में जलभराव की स्थिति तथा सीवर लाईन की व्यवस्था ठीक किये जाने की अत्याधिक आवश्यकता बतायी गयी।

15- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में चर्चा के दौरान बोर्ड के मा0 पदाधिकारीगण द्वारा उठाये गये महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रशासनिक अधिकारियों/ विभागीय प्रतिनिधियों से जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

15.1 **<u>मुख्य विकास अधिकारी, भदोही</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, भदोही द्वारा निम्नवत अवगत कराया गया:-

- भदोही बस डिपो से रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है।
- जिला अस्पताल भदोही निर्माणाधीन है किन्तु अस्पताल में ओ0पी0डी0 संचालित है।
- जनपद भदोही में वेटनरी कालेज खोले जाने हेतु जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है उसके लिये धनराशि अवमुक्त किये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद भदोही में स्टेडियम के विकास हेतु बजट निर्गत किये जाने की आवश्यकता है।

15.2 **<u>मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र</u>**

मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र द्वारा निम्नवत अवगत कराया गया:-

- जनपद सोनभद्र के कतिपय ग्रामों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या के आलोक में जनपद के सभी ग्रामों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है।

- जनपद सोनभद्र में भूमिगत जल के क्रिटिकल जोन में आने के कारण इस विषय में ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।
- जनपद सोनभद्र के 129 प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती नहीं है तथा 708 विद्यालयों में एकल अध्यापक तैनात हैं। अत: ऐसी परिस्थिति में सभी विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त तैनाती की आवश्यकता है।
- सोन पंप लिफ्ट कैनाल के शेष चरणों के कार्यों के अन्तर्गत मृदा परीक्षण का रू0 68 लाख का आगणन शासन स्तर पर विचाराधीन है जिसमें प्रभावी कार्यवाही की आवश्यकता है।

15.3 **नगर विकास**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मीरजापुर में सफाई की व्यवस्था हेतु सघन निरीक्षण करके सफाई सुनिश्चित करायी जायेगी।

15.4 **कृषि**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि श्री अन्न को प्रोत्साहन देने हेतु नि:शुल्क मिनी किट वितरित की जा रही है तथा रोड शो के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी,मीरजापुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मीरजापुर में ड्रैगन फ्रूट के लिये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने हेतु भूमि चिन्हित कर ली गयी है तथा खजूर से गुड़ बनाये जाने विषयक परम्परागत उद्योग हेतु खजूर के पौधारोपण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

15.5 **पर्यटन**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माँ विन्ध्यवासिनी कारीडोर का कार्य लगभग पूर्णतया पर है तथा विन्ध्याचल में त्रिकोण पर कार्य योजना प्रेषित की जा रही है। इस क्रम में मण्डलायुक्त, मीरजापुर द्वारा यह सुझाव दिया गया कि धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा माँ विन्ध्यवासिनी मन्दिर में नि:शुल्क मध्यान्ह भोजन के वितरण की योजना संचालित किये जाने पर विचार किया जा सकता है।

15.6 **बेसिक शिक्षा**

विभागीय प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि मण्डल के सभी जनपदों में विद्यालयों का नियमानुसार औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा कायाकल्प योजना के अन्तर्गत सुविधायें उपलब्ध करायी जा रहीं हैं।

15.7 **माध्यमिक शिक्षा**

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मण्डल के अन्तर्गत जनपदों में कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है तथा पुराने राजकीय विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार में आच्छादित किया जा रहा है।

15.8 **अवस्थापना**

मण्डलायुक्त, मीरजापुर द्वारा मीरजापुर से भदोही के मध्य पड़ने वाली रेलवे फाटक पर आर0ओ0बी0 (रेलवे ओवरब्रिज) का निर्माण कराने तथा विन्ध्याचल धाम से लखनऊ के लिये वंदे भारत ट्रेन चलाये जाने पर विचार करने की आवश्यकता बतायी गयी।

16- श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी:-

- जनपद आजमगढ़ के तरवां विकासखण्ड में उमरी-जामूडीह मार्ग से पड़री प्राथमिक विद्यालय तक (लगभग 800 मी0) पिच रोड का निर्माण।
- जनपद आजमगढ़ के तरवां विकासखण्ड में भोकनपुर में पिच रोड (सहसबावन स्थान) से पुलिया तक (लगभग 1500 मी0) पिच रोड का निर्माण।
- जनपद आजमगढ़ मंदुरी एयरपोर्ट का शीघ्र उद्घाटन कराया जाना सुनिश्चित करना।
- पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के किनारे आजमगढ़ में औद्योगिक गलियारा स्थापित किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ की पुरानी जेल के स्थान को ग्रीन पार्क/आवासीय क्षेत्र बनाकर जमीन का उपयोग किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में लालगंज हास्पिटल (100 बेड) में अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्सरे प्लांट की व्यवस्था किया जाना।
- जनपद आजमगढ़ में लालगंज मीरा मार्ग पर हास्पिटल के लिये फ्लाई-ओवर।
- जनपद आजमगढ़ तथा जनपद जौनपुर में रिंगरोड का निर्माण।
- आजमगढ़-पल्हना-बरदह-ठेकमा-मेहनाजपुर के ट्रांसफार्मर की क्षमता शीघ्र दोगुना किया जाना।
- जनपद मीरजापुर के सीटी विकासखण्ड के ग्राम बरकछा कला में खजुरी नदी पर पाल बस्ती एवं दलित बस्ती के बीच में रपटा का निर्माण किया जाना।
- जनपद मीरजापुर के सीटी विकासखण्ड के ग्राम शाहपुर चौसा नदी पर पक्का घाट का निर्माण किया जाना।
- आजमगढ़ से मऊ रोड पर सांई पब्लिक स्कूल, जयरामपुर के पश्चिम में मुख्य सड़क से जयरामपुर- हथिया मार्ग पर दिनहवां हरिजन बस्ती होते हुए जयरामपुर- नुरुद्दीनपुर सरहद (निकट हरिजन कब्रिस्तान) तक सड़क सुदृढ़ीकरण व पिच रोड कार्य (लगभग 1 किमी0)।

अन्त में मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर के धन्यवाद के उपरान्त श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

**प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव**
**विशेष सचिव**

**क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग**
**(सचिवालय-पूर्वान्चल विकास बोर्ड)**
**राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग) उ0प्र0,**
**योजना भवन, लखनऊ**

संख्याः 134 /पी0बी0/क्षे0नि0प्र0/2023 दिनांकः 29 जनवरी, 2024

**प्रतिलिपिः-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी पदाधिकारीगण।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
3. पूर्वान्चल विकास बोर्ड के सभी सरकारी/विशेष आमंत्री सदस्य।
4. सम्बन्धित विभाग/उपस्थित अधिकारीगण।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव,नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

29/01/24

**(प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव)**
**विशेष सचिव**

**श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 05.01.2024 को विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में आयोजित बैठक में प्रतिभागियों की उपस्थिति।**

1. श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
2. श्री जय प्रकाश निषाद, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
3. श्री विजय शंकर यादव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
4. श्री परदेशी रविदास, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
5. श्री बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
6. श्री जितेन्द्र पाण्डेय, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
7. श्री विजय विक्रम सिंह, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
8. श्री ओम प्रकाश गोयल, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
9. डा0 के0पी0 श्रीवास्तव, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
10. श्री अशोक चौधरी, मा0 सदस्य, पूर्वान्चल विकास बोर्ड।
11. डा0 मुथुकुमारस्वामी बी0, आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
12. श्री पी0 सी0 श्रीवास्तव, विशेष सचिव, नियोजन, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
13. श्रीमती प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी, मीरजापुर।
14. श्री मनीष मित्तल, मुख्य वन संरक्षक, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
15. श्री अभय कुमार पाण्डेय, संयुक्त विकास आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
16. श्री विशाल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
17. श्री सौरभ गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र।
18. श्री यशवंत कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, भदोही।
19. श्री वी0के0 अग्रवाल, निदेशक, पूर्वान्चल विकास बोर्ड, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
20. श्री प्रभाकान्त द्विवेदी, सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मीरजापुर।
21. श्री गिरीश कुमार, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मीरजापुर।
22. श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डे, अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
23. डा0 सी0एफ0 वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, मीरजापुर।
24. श्री ए0के0 जैन, मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण, मीरजापुर।
25. श्री वीरेन्द्र कुमार,, संयुक्त आयुक्त, उद्योग, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
26. श्री आदित्य कुमार दुबे, संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त रजिस्ट्रार (सहकारिता), विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
27. श्री अशोक कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत, मीरजापुर।
28. श्री रमेश प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई, मीरजापुर।
29. श्री हरेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
30. श्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई, मीरजापुर।
31. श्री ए0के0 दिवाकर, अधीक्षण अभियन्ता (नियोजन), लोक निर्माण, लखनऊ।
32. श्री ए0के0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, नलकूप, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
33. श्री डी0के0 गुप्ता, संयुक्त निदेशक, कृषि, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
34. श्री राम प्रकाश, संयुक्त निदेशक, व्यावसायिक शिक्षा, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
35. श्री संजय कुमार, उपायुक्त, खाद्य एवं रसद, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
36. श्री पंकज सिंह राना, उप श्रमायुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
37. श्री डी0एस0 बघेल, उप निदेशक, मत्स्य, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
38. श्री रामजियावन, उप निदेशक, पंचायतीराज, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।

39. श्री राजेश कुमार मिश्र, उप निदेशक, दिव्यांगजन, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
40. श्री आर0के0 सिंह, उप निदेशक, समाज कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
41. श्री पुनीत टण्डन, उप निदेशक, महिला कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
42. डा0 संजय कुमार मालवीय, उप निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
43. श्री मुकेश चन्द्र शुक्ल, उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
44. श्री राजेश कुमार, उप निदेशक, दुग्ध, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
45. श्री कोमल यादव, उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
46. श्री जे0एन0 शुक्ला, उप निदेशक, मण्डी परिषद, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
47. श्री तेजई प्रसाद, वरिष्ठ शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
48. श्री अमरनाथ सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, मीरजापुर।
49. श्री पुष्पेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता, लालपुर नहर प्रखण्ड, सिंचाई, भदोही।
50. श्री धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, मीरजापुर।
51. श्री सिकन्दर अली, अधिशासी अभियन्ता (ग्रामीण), उत्तर प्रदेश जल निगम, मीरजापुर।
52. श्री राम आशीष, अधिशासी अभियन्ता, कनहर, सिंचाई, मीरजापुर।
53. श्री हरिशंकर प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड-चुनार, सिंचाई, मीरजापुर।
54. श्री जयनू राम, अधिशासी अभियन्ता, प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण, भदोही।
55. श्री नीरज कुमार, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण, मीरजापुर।
56. श्री संजय कुमार राय, अधिशासी अभियन्ता, एम0डी0 कार्यालय, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी।
57. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
58. श्रीमती शेषबाला वर्मा, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक शिक्षा, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
59. श्री सुविन सिंह, सहायक श्रमायुक्त, मीरजापुर।
60. सुश्री अपूर्वा शुक्ला, जनजाति अधिकारी, निदेशालय, जनजाति विकास, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
61. श्री अमितेश सिंह, क्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
62. श्री राजीव सिंह, परियोजना अधिकारी, नेडा, मीरजापुर।
63. श्रीमती प्रगति पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कौशल विकास, मीरजापुर।
64. श्री ऋषभ राय, सहायक अभियन्ता (सिविल), चन्द्रप्रभा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, चन्दौली।
65. श्री नन्दू प्रसाद, सहायक अभियन्ता, बाण सागर कैनाल कंस्ट्रक्शन डिवीजन-10, मीरजापुर।
66. श्री उमा शंकर गुप्ता, सहायक अभियन्ता, बंधी, सोनभद्र।
67. श्री सुभाष सिंह, सहायक अभियन्ता, सिंचाई, मीरजापुर।
68. श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, मूसा खण्ड बांध प्रखण्ड, वाराणसी।
69. श्री शशिकान्त प्रसाद, अर्थ एवं संख्या अधिकारी, मीरजापुर।
70. श्री जयप्रकाश उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।
71. श्री राम निवास यादव, शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
72. श्री जी0 लाल, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर।
73. श्री नवीन कुमार सिंह, पर्यटन सूचना अधिकारी, वाराणसी।
74. श्री अमित कुमार यादव, कार्य अधिकारी, जिला पंचायत, मीरजापुर।
75. श्री सतीश कुमार कुरील, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0।
76. श्री राकेश कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
77. श्री अभिषेक मिश्रा, निजी सचिव, मा0 उपाध्यक्ष, नियोजन विभाग, लखनऊ।